Australian Government

NSW GOVERNMENT

sydney METRO

**Sydney Metro – Western Sydney Airport**




Luddenham Station की कलाकार द्वारा बनाई आवृत्ति।

# Greater Western Sydney की नई मेट्रो लाइन के बारे में अपने विचार प्रकट करें।

**Sydney Metro – Western Sydney Airport प्रौजेक्ट Greater Western Sydney के लिए एक नए महत्वपूर्ण परिवहन केन्द्र का निर्माण करेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए क्षेत्र को सेवा उपलब्ध कराएगा।**

समुदाय अब इस 23-किलोमीटर के ड्राइवर-रहित इलेक्ट्रिक रेलवे पर अपने विचार प्रकट कर सकता है, यह रेलवे नए Western Sydney Aerotropolis को Western Sydney International (Nancy-Bird Walton) Airport और St Marys से जोड़ता है।

छ: नए मेट्रो स्टेशन प्रदान किए जा रहे हैं – St Marys, Orchard Hills, Luddenham, Airport Business Park, Airport Terminal और Western Sydney Aerotropolis स्थानों पर।

नई मेट्रो रेलवे पूरी तरह से सुलभ होगी और प्लेटफॉर्म और ट्रेनों के बीच लेवल एक्सेस (सीधी पहुँच) होगी और सुरक्षा विशिष्टताएँ भी प्रदान की जाएँगी जैसे कि प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर, जिससे लोगों और प्रैम जैसी वस्तुओं को ट्रैक से दूर रखा जाएगा।

NSW और ऑस्ट्रेलिया की सरकारों द्वारा वित्त-पोषित, इस प्रौजेक्ट के एयरपोर्ट पर यात्री सेवाओं के शुरू होने के साथ ही खुलने की योजना है।

निर्माण-कार्य से 14,000 नौकरियों का समर्थन होगा, जिनमें 250 एप्रेन्टिस नौकरियाँ शामिल हैं।

पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य (Environmental Impact Statement) **2 दिसम्बर 2020** तक सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे समुदाय को प्रौजेक्ट के लिए इसकी विस्तृत योजनाओं पर अपने विचार प्रकट करने का एक अवसर मिलेगा।

## मुख्य तथ्य

- लाइन के खुलने पर दोनों दिशाओं में सबसे व्यस्त समय में हर **5 मिनट** में ट्रेनें आएँगी
- **कोई टाइमटेबल नहीं** – बस आएँ और ट्रेन पकड़ें
- दोनों दिशाओं में सबसे व्यस्त समय में **एक घंटे में अधिकतम 12 ट्रेनें**
- इस प्रौजेक्ट के कारण 2056 तक स्थानीय सड़कों से हर रोज़ करीब **1,10, 000 गाड़ियों** का आना-जाना बंद हो जाएगा

Australian Government

NSW GOVERNMENT

sydney METRO

**Sydney Metro – Western Sydney Airport**



### Sydney Metro के साथ संपर्क करना

- पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य देखने और सब्मीशन (प्रस्तुति) जमा करने के लिए **planningportal.nsw.gov.au/major-projects** वेबसाइट पर जाएँ।
- इंटरेक्टिव मैप देखने, यह पता लगाने कि अपने क्षेत्र में क्या उम्मीद करें और प्रौजेक्ट से जुड़े विशेषज्ञों के विचार जानने के लिए **sydneymetro.info/wsa** वेबसाइट देखें।
- हमारे किसी समर्पित प्लेस मैनेजर से बात करने के लिए हमें **1800 717 703** पर फोन करें।
- **sydneymetrowsa@transport.nsw.gov.au** पर ई-मेल करें और हम आपसे वापिस संपर्क करेंगे।

## St Marys

प्रस्तावित St Marys मेट्रो स्टेशन एक महत्वपूर्ण महानगरीय परिवहन इंटरचेंज़ और Western Sydney International Airport के लिए एक नया गेटवे (प्रवेश-द्वार) बन जाएगा। यह St Marys के पुनरूद्धार और नवीनीकरण में अहम भूमिका निभाएगा – भविष्य की रोज़गार वृद्धि का प्रसार करेगा, वर्तमान तथा भविष्य में स्थानीय जनसंख्या का समर्थन करेगा और पूरे Greater Western Sydney में कनेक्शनों को बेहतर बनाएगा।

St Marys पर स्टेशन:

- उपभोक्ताओं को T1 Western Line तथा स्थानीय और क्षेत्रीय बसों के साथ इंटरचेंज़ करने की योग्यता देगा
- उपभोक्ताओं को Western Sydney Airport के साथ-साथ और Greater Parramatta तथा Sydney CBD के संरेखण में यात्रा में लगने वाली समयावधियों को बेहतर बनाएगा
- भविष्य की संभावित मेट्रो रेल विस्तार के भाग के तौर पर Rouse Hill में Schofields/ Tallawong तक एक अधिक आसान कनेक्शन का निर्माण करने के लिए डिज़ाइन किया जाएगा




## Orchard Hills

प्रस्तावित Orchard Hills Station भविष्य के आवासीय और मिलेजुले प्रयोग के परिसर को सेवा प्रदान करेगा – जिससे क्षेत्र एक सुगठित, उच्च सुख-सुविधा वाले और सैर करने योग्य एक नए समुदाय में रूपान्तरित हो जाएगा।

Orchard Hills पर स्टेशन:

- उच्च सुख-सुविधा वाले आवासीय और मिलेजुले प्रयोग के व्यापारिक व रिटेल डिवेल्पमेंट के साथ नए नगरीय केन्द्र को स्थापित करके परिसर को रूपान्तरित करेगा
- शहरीय विकास का समर्थन करेगा जहाँ नए नगरीय केन्द्र के आसपास विभिन्न प्रकार के आवास होंगे।



## Luddenham

प्रस्तावित Luddenham Station का डिज़ाइन क्षेत्र में भविष्य के रोज़गार, अनुसंधान और ज्ञान-आधारित रोज़गार परिवेश और नौकरियों, परिवहन और हरे-भरे मैदानों तक पहुँच के साथ मिलेजुले प्रयोग वाली आवासीय विकास का समर्थन करने के लिए किया जाएगा।

Luddenham पर स्टेशन:

- शिक्षा, अग्रिम टैक्नोलॉजी, अनुसंधान और विकास पर केन्द्रित Western Parkland City Northern Gateway परिवेश का समर्थन करेगा
- उस क्षेत्र में एक नया मेट्रो स्टेशन उपलब्ध कराएगा जहाँ वर्तमान में रेल लाइन सुविधा नहीं है और भविष्य के बसों और सक्रिय परिवहन नेटवर्कों के साथ इंटरचेंज़ के लिए अवसर प्रदान करेगा।



## Airport Business Park

प्रस्तावित Airport Business Park Station पश्चिमी आर्थिक परिवेश (Western Economic Corridor) में एक मुख्य नए रोज़गार और सेवा केन्द्र को सुविधा प्रदान करेगा। मेट्रो स्टेशन परिसर में काम करने वाले उपभोक्ताओं के लिए एक मुख्य इंटरचेंज़ बन जाएगा, और सुदृढ़ जन परिवहन सुविधा वाले सैर करने योग्य तथा उच्च सुख-सुविधा वाले स्थान को सेवा प्रदान करेगा।

Airport Business Park पर स्टेशन:

- बस सेवाओं और Greater Parramatta की ओर संभावी भविष्य के East West Rail Link के साथ आसान और कुशल इंटरचेज़ का समर्थन करेगा
- व्यापार एयरपोर्ट परिवेश की सफलता का समर्थन करेगा तथा Airport Business Park के आसपास दीर्घावधि के विकास की अनुकूलशीलता बनाए रखेगा।



## Airport Terminal

प्रस्तावित Airport Terminal Station नए Western Sydney International एयरपोर्ट तक आसान और कुशल उपभोक्ता और यात्री पहुँच सक्षम करेगा। एयरपोर्ट स्थल का स्वामित्व ऑस्ट्रेलियाई सरकार के पास है।

Airport Terminal पर स्टेशन:

- एयरपोर्ट तक सुरक्षित, सुखद और सहज ज्ञान युक्त उपभोक्ता पहुँच प्रदान करेगा
- का डिज़ाइन एयरपोर्ट की दीर्घावधि की वृद्धि और विकास का समर्थन करने के लिए अनुकूलनशीलता की योग्यता देने के लिए किया जाएगा
- Greater Parramatta की ओर भविष्य के संभावी East West Rail Link के लिए योग्यता प्रदान करेगा।




## Aerotropolis

Western Sydney Aerotropolis के व्यापारिक केन्द्र को प्रस्तावित Aerotropolis Station सुविधा प्रदान करेगा।

Aerotropolis Station एक मुख्य परिवहन इंटरचेंज़ बन जाएगा, और यह Western Parkland City की भविष्य की नई सेंट्रल बिजनस डिस्ट्रिकट्स को महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगा

Aerotropolis पर स्टेशन:

- Western Parkland City के केन्द्र में संपन्न सिटी सेंटर परिवेश को उत्प्रेरित करेगा
- Aerotropolis में उच्च सुख-सुविधा वाले सार्वजनिक क्षेत्र में योगदान देगा जो Western Parkland City का जश्न मनाता है
- एक कॉरिडोर से दूसरे कॉरिडोर तक सक्रिय कनेक्शन उपलब्ध कराएगा।



## नए रेलवे का निर्माण करना

प्रौजेक्ट का निर्माण भूमिगत तौर पर, सतह स्तर पर और एक ऊँचे रेलवे पुल पर भूमि से ऊपर किया जाएगा।

निर्माण की अलग-अलग विधियों का प्रयोग किया जाएगा, जिनमें सुरंग खोदने की मशीनें, और स्काईट्रेन पुल के लिए निर्माण-कार्य ग्रैन्ट्री और क्रैन शामिल हैं।

### St Marys से लेकर Orchard Hills तक सुरंग खंड


St Marys के भूमिगत स्टेशनों के बीच चलने वाली करीब 4.3 किलोमीटर लंबी सुरंगें, और Orchard Hills पर M4 Western Motorway के करीब 450 मीटर दक्षिण में एक नया सुरंग पोर्टल। सुरंगें 15 से 35 मीटर के बीच भूमि के नीचे होंगी।

### Western Sydney International से लेकर Bringelly तक सुरंग खंड

Airport Business Park Station और Aerotropolis Station के करीब 400 मीटर दक्षिण-पश्चिम में सुरंग पोर्टल के बीच चलने वाली करीब 6.3 किलोमीटर लंबी सुरंगें। करीब 3.3 किलोमीटर सुरंग खंड एयरपोर्ट में है और करीब 3 किलोमीटर एयरपोर्ट से बाहर है। सुरंगें 12 से 30 मीटर के बीच भूमि के नीचे होंगी।

## अलग-अलग प्रकार के मेट्रो रेलवे स्टेशन


कट-एंड-कवर स्टेशन



### St Marys
### Airport Terminal Aerotropolis

भूमि में बड़ी खाई या आयताकार छेद खोदने के लिए खुदाई उपकरण का प्रयोग किया जाता है, जिसे फिर भूमिगत स्टेशन प्रदान करने के लिए ढक दिया जाता है। भूमिगत स्थान को ढकने के बाद, जैसे-जैसे नीचे निर्माण-कार्य चलता रहता है, वैसे-वैसे सतह पर अन्य गतिविधियाँ जारी रह सकती हैं।


इन-कटिंग और सर्फेस स्टेशन



### Orchard Hills
### Airport Business Park

इन-कटिंग स्टेशन भूमि के स्तर के नीचे एक खोदी गई खाई या आयताकार छेद में स्थित होता है जिसे ढका नहीं जाता है अर्थात यह खुले आसमान में होता है। सर्फेस स्टेशन को भी ढका नहीं जाता है और इसे इस तरह काटा जाता है कि यह उथला रूप लेता है, और प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए रेलवे के ऊपर एक पदयात्री पुल बनाया जाता है।

पुल (ऊपर उठाया) स्टेशन



### Luddenham

इस प्रकार के स्टेशन का निर्माण एक पुल के जैसे ऊपर उठाई संरचना के तौर पर किया जाता है जहाँ प्लेटफॉर्म भूमि के स्तर से ऊपर स्थित होते हैं। ऊपर उठाए गए स्टेशन पुल (ऊपर उठाए) रेलवे संरेखण के नीचे से आसानी से गुजरने की योग्यता देते हैं।

## Greater Western Sydney को कनेक्ट करते हुए

नई मेट्रो लाइन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण परिवहन केन्द्र होगी, और यह Western Parkland City में वर्तमान में निर्माणाधीन मुख्य मूलभूत सुविधाओं को कनेक्ट करेगी।

### Sydney का पहला 24/7 एयरपोर्ट – वैश्विक सिटी तक एक नया गेटवे (प्रवेश द्वार)

Western Sydney International (Nancy-Bird Walton) Airport का वर्तमान में Badgerys Creek पर निर्माण-कार्य जारी है, और संचालन-कार्य का 2026 में शुरू होना निर्धारित है। एयरपोर्ट सिडनी में प्रवेश करने का एक नया मार्ग खोलेगा, क्षेत्र में आर्थिक बढ़ावा देगा और सिटी को पुन:संतुलित करने में सहायता देगा। 24-घंटे खुलने वाला एयरपोर्ट नए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय कनेक्शन खोलेगा, आगंतुकों को आकर्षित करेगा और सिडनी के लिए एक नए माल-भाड़ा केन्द्र का निर्माण करेगा। मेट्रो रेल यात्रियों और कर्मचारियों के लिए एयरपोर्ट से आना-जाना अधिक आसान बनाएगी।

### The Western Parkland City

सिटी को आकार देने वाली मेट्रो लाइन Western Parkland City को खोलने वाली चाबी बन जाएगी, और इसमें निवासीय और रोज़गार के मिलेजुले केन्द्र होंगे तथा South Creek के हरे-भरे परिसर मनोरंजनात्मक और पर्यावरणीय लाभों के लिए स्थान प्रदान करेंगे। Western Parkland City उन कस्बों को शामिल करती है जो Greater Western Sydney में आते हैं, जिनमें Greater Penrith, Liverpool और Campbelltown-Macarthur के स्थापित केन्द्र शामिल हैं।

| अनुमानित यात्रा समय | |
|---|---|
| **20** मिनट | St Marys से Aerotropolis तक |
| **15** मिनट | Airport से St Marys तक |
| **5** मिनट | Airport से Aerotropolis तक |

## नई मेट्रो लाइन के कारण 2056 तक स्थानीय सड़कों से हर रोज़ करीब 1,10,000 गाड़ियों का आना-जाना बंद हो जाएगा

2016

2036

Western Sydney में करीब **20 लाख लोग** रहते हैं और यह अनुमान लगाया जाता है कि **2036 तक यह संख्या बढ़कर 37 लाख लोगों** तक हो जाएगी – सिडनी की 55% आबादी

74% निवासी वर्तमान में गाड़ी में यात्रा करके काम पर जाते हैं

74% 5% 2%

वर्तमान में **3,20,000 से अधिक निवासी** हर रोज़ काम या पढ़ाई के लिए Western Sydney क्षेत्र से बाहर यात्रा करते हैं।

320,000

2016

यह अनुमान लगाया जाता है कि 2030 के दशक की शुरूआत में Western Sydney International एयरपोर्ट पर **100 लाख यात्री** होंगे।

100 लाख

एक-तिहाई निवासी वर्तमान में काम पर जाने की यात्रा पर **औसतन 90 मिनट का समय** व्यतीत करते हैं

90 मिनट


**2016 रोज़गार**
Western Parkland City में

- स्वास्थ्य देखभाल एवं शिक्षा 17%
- ज्ञान पर ज़ोर देने वाले 17%
- औद्योगिक 25%
- जनसंख्या को सेवा प्रदान करना 35%

**2036 रोज़गार**
Western Parkland City में

- एयरोस्पेस एवं डिफेंस
- पर्यटन
- माल एवं रसद
- स्वास्थ्य, अनुसंधान एवं आधुनिक विनिर्माण
- +200,000 और अधिक नौकरियाँ
- निर्माण-कार्य और कंस्ट्रक्शन
- भोजन एवं कृषि-व्यापार

NSW Department of Planning, Industry and Environment द्वारा NSW Population Projections से वेस्टर्न सिडनी की जनसंख्या स्रोत की गई।




प्रोजेक्ट निम्नलिखित करेगा:

- Western Parkland City में बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं को सेवा उपलब्ध कराएगा और उनका समर्थन करेगा
- Aerotropolis और Western Sydney International को रेल सुविधा प्रदान करेगा
- T1 Western Line तक एक कुशल कनेक्शन प्रदान करेगा
- पश्चिमी आर्थिक परिवेश (Western Economic Corridor) में नौकरियों तक पहुँच उपलब्ध कराएगा और नौकरियों की वृद्धि की संभावना को बढ़ाएगा
- कर्मचारियों और एयरलाइन यात्रियों को पश्चिम की ओर जाने को आकर्षित करेगा, जिससे Greater Sydney में पुन:संतुलन कायम होगा।
- स्टेशन के परिसरों के आसपास भूमि प्रयोग के लिए सबसे अनुकूल विधि काम में लाएगा
- स्टेशन के परिसरों के आसपास जीवन-शैली को बेहतर बनाएगा।

## हमें संपर्क करें

**1800 717 703** सामुदायकि सूचना सेवा 24 घंटे खुली

**sydneymetrowsa@transport.nsw.gov.au**

**Sydney Metro – Western Sydney Airport**, PO Box K659, Haymarket NSW 1240

यदि आपको दुभाषिए की ज़रुरत है, तो TIS National को **131 450** पर संपर्क करें और उन्हें **1800 717 703** पर फोन करने के लिए कहें

© Sydney Metro 2020. 20178-WSA 1020 (Hindi)